समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# 'सरकार और RCB पर हो 100 करोड़ का मुकदमा', विक्ट्री परेड हादसे पर भड़के मदन लाल, BCCI ने मानी चूक।

Publisher Published on 06 Jun 2025



## RCB के विक्ट्री परेड के दौरान भगदड़ मे 11 फैंस की मौत ; पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने RCB और सरकार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

**बेगंलुरु, 6 जून 2025: IPL 2025 मे पंहली बार ट्रॉफी जीतने वाली RCB (रॉयल चैलेजंर्स बेगंलुरु) की विक्ट्री परेड मातम मे बंदल गई।** चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर आयोजित जश्न में भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें 11 प्रशंसकों की दर्दनाक मौत हो गई।

इस घटना पर **1983 वर्ल्ड कप विजेता** टीम के सदस्य मदन लाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने **RCB** और **कर्नाटक सरकार** पर 100 करोड़ रुपये तक का मुकदमा करने की मांग की है।

**मदन लाल ने कहा- जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई हो**

पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने कहा, "यह बहुत ही शर्मनाक है कि अंदर जीत का जश्न चल रहा था और बाहर फैंस जान गंवा रहे थे। इस घटना को लोग अब कभी नहीं भूलेंगे। RCB और राज्य सरकार को इसकी पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अगर जरूरत पड़े तो उनके खिलाफ 100 करोड़ रुपये तक का मुकदमा चलना चाहिए। BCCI को भी इस हादसे से पल्ला नहीं झाड़ना चाहिए।"

मदन लाल की यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। कई यूजर्स भी उनकी इस मांग का समर्थन कर रहे हैं।

**चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर क्या हुआ ?**

**१. RCB की पहली IPL ट्रॉफी जीत के बाद बेगंलुरु मे टीम के लिए विक्ट्री परेड और सम्मान समारोह का आयोजन किया**

**गया था।**

२. **हजारों फैसं स्टेडियम के बाहर एक झलक पाने के लिए जमा हो गए।**

३. **जब फैसं ने स्टेडियम मे घुंसने की कोशिश की तो पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।**

४. **सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन मे चूक के चलते स्थिति बेकाबू हो गई।**

५. **भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।**

## RCB का शोक और मुआवज़े का ऐलान

घटना के बाद RCB ने आधिकारिक बयान में दुख व्यक्त किया:

"बेंगलुरु में हमारे सम्मान समारोह के दौरान जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, उससे पूरा RCB परिवार बेहद दुखी है। हम मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देंगे। साथ ही घायलों के लिए 'RCB Cares' नाम से विशेष फंड शुरू किया गया है।"

## BCCI ने मानी चूक

BCCI के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा:

"ऐसे बड़े आयोजनों के लिए पहले से पुख्ता योजना और सुरक्षा इंतजाम होने चाहिए। बेंगलुरु में जो हुआ, वह दर्शाता है कि कहीं न कहीं व्यवस्था में चूक हुई है। भविष्य में अधिक सावधानी और रणनीतिक तैयारी की आवश्यकता है।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.